# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 10.07.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना चिल्ला पुलिस की तत्परता से यमुना नदी में कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास करने वाली महिला की बची जान।**

**विवरण-** आज दिनांक 10.07.2025 को थाना चिल्ला क्षेत्र के बेरेठीकला की रहने वाली एक महिला द्वारा युमना नदी पुल से यमुना नदी में आत्महत्या करने के लिए कूद गई। सूचना पर थाना चिल्ला पुलिस द्वारा तत्काल स्थानीय गोताखोरों की मदद से सकुशल बचा लिया गया। पुलिस द्वारा महिला के परिजनों को बुलाया गया तो परिजनों द्वारा बताया गया कि महिला काफी दिनों से मानसिक रुप से अस्वस्थ्य है तथा उसका इलाज ग्वालियर से चल रहा है तथा पूर्व में भी आत्महत्या का प्रयास कर चुकी है। महिला के मानसिक स्थिति को देखते हुए **पुलिस द्वारा संवेदनशील रवैया अपनाते हुए काउंसलिंग की गई,** तथा उसे जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण और परिवार व समाज से जुड़ाव बनाए रखने जैसे विषयों पर समझाया गया तथा परिजनों को भी महिला को भावनात्मक रूप से सहयोग देने और उसके साथ सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करने व घर का वातावरण सकारात्मक और तनावमुक्त बनाए रखने हेतु समझाया गया, जिससे महिला आत्मविश्वास महसूस कर सके, साथ ही उसे सामाजिक गतिविधियों में जोड़कर समाज से जुड़े रहने के लिए प्रेरित करने हेतु भी बताया गया। परिजनों ने पुलिस टीम व गोताखोरों को हृदय से धन्यवाद दिया।

**टीम का विवरण-**

1. प्र0नि0 थाना चिल्ला श्री संदीप तिवारी मय टीम
2. गोताखोर रिंकू निषाद
3. गोताखोर पप्पू निषाद